तापमान

भोपाल	27.1°	8.8°
इंदौर	27.2°	11.6°
जबलपुर	27.1°	10.0°
ग्वालियर	27.6°	11.3°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 355,पृष्ठ 12)
रविवार 24 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... जिसके घर में गाय का कुल, वह घर गोकुल...

खेल... भारत के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए हीली को...

व्यापार... गुजरात के जीएसटी विभाग ने 3.53 करोड़ की कर...

देश-विदेश... पुतिन का जंगी प्लान : 13 हजार किमी की...

www.naiduniaonline.com

महाराष्ट्र में महायुति, झारखंड में फिर इंडिया की सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपने-अपने यहां सत्तारूढ़ गठबंधन को शासन की बागडोर संभाले रखने का स्पष्ट जनादेश दिया है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह को करीब दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस, राकांपा (शरद पवार) और शिव सेना (यूबीटी) गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन करीब 50 सीट के आसपास सिमट गया है। राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा ने प्रतिद्वंदी धड़ों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे के मुद्दे के बजाय महायुति के विकास के नारे और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया है। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के साथ- साथ 15 राज्यों में 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव कराये गये थे। विधानसभा के उपचुनावों में सबसे चर्चित उत्तर प्रदेश के मुकाबलों में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) नौ में से सात सीटों पर जीत के साथ राजग का परचम ऊपर रखा जबकि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम में सत्तारूढ़ दलों ने अपनी मजबूत जमाए रखी है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चार लाख से अधिक मतों से विजयी घोषित हुयी हैं जबकि महाराष्ट्र की नांदेड लोक सभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ. संतुकराव मारोतराव हम्बारडे, कांग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से आगे चल रहे थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन महाराष्ट्र में अभूतपूर्व जीत हासिल की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन बड़े बहुमत के साथ पुनः वापसी कर रहा है। भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा) के सत्तारूढ़ गठबंधन इस साल लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र में मिले आघात से उबरते हुये, विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा है। राज्य की 288 सीटों वाली विधानसभा के चुनाव की शनिवार को चल रही मतगणना के रुझानों के अनुसार, भाजपा-शिवसेना-रांकापा के महायुति गठबंधन को 169 सीटों पर जीत मिली चुकी है और 66 सीटों पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाये हुये हैं। राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के उम्मीदवार 37 सीटों पर विजयी हुये हैं और 13 सीटों आगे चल रहे हैं। भाजपा को 92 सीटों पर जीत हासिल हुयी है और 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुये है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महायति में शिवसेना 43 पर जीत हासिल की है और 14 पर बढ़त बनाए हुये है, रांकापा को 34 पर जीत हासिल हुयी है और सात पर बढ़त बनाये हुये है जबकि महायुति में शामिल जन सुराज्य शक्ति (शेष पेज 2 पर)

मैं आधुनिक अभिमन्यु हूं, चक्रव्यूह तोड़ना जानता हूं: फडणवीस

महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति की भारी जीत के बाद भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने आज कहा कि वह आधुनिक अभिमन्यु हैं जो फर्जी आख्यान के चक्रव्यूह को तोड़ना जानते हैं। बड़े समर्थन के लिए मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए, फडणवीस ने कहा कि आज के परिणाम से पता चला है कि पूरा राज्य नरेंद्र मोदी और उनके एक है तो सुरक्षित है के नारे के पीछे है। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ आकर इसे सफल बनाया है। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने हमें अप्रत्याशित जीत दिलाई है। इससे पता चलता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने जो नारा दिया था एक हैं तो सेफ हैं, उसके अनुरूप सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर हमें वोट दिया। यह महायुति, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और रामदास अठावले की जीत है, यह एकता की जीत है। महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई विवाद नहीं होगा।

दलीय स्थिति

महाराष्ट्र- 288/288			झारखंड- 81/81		
एनडीए	-	236	इंडिया	-	56
एमवीए	-	48	एनडीए	-	24
अन्य	-	04	अन्य	-	01

शिंदे ने किसी भी तरह के विवाद से किया इनकार

मुंबई (एजेंसी)। महायुति महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने शनिवार को गठबंधन को भारी जनादेश देने के लिए राज्य के मतदाताओं को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री पद के चेहरे के लिए अपने डिप्टी देवेंद्र फड़नवीस को भाजपा की पसंद होने की चल रही खबरों पर बोलते हुए, शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। शिंदे ने महाराष्ट्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मैं महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद देता हूं। यह एक जबरदस्त जीत है। मैंने पहले ही कहा था कि महायुति को प्रचंड जीत मिलेगी। मैं समाज के सभी वर्गों को धन्यवाद देता हूं। मैं महायुति दलों के सभी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देता हूं। जब उनसे पूछा गया कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, तो शिवसेना नेता ने कहा कि अंतिम नतीजे आने दीजिए। फिर, जैसे हमने एक साथ चुनाव लड़ा, उसी तरह तीनों दल एक साथ बैठेंगे और सीएम कौन होगा इस पर फैसला लेंगे। शिंदे की यह टिप्पणी भाजपा नेता प्रवीण दरेकर द्वारा शनिवार को मांग करने के बाद आई है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्य का अगला मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाए।

महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब बुरी तरह हारा: मोदी

महाराष्ट्र में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया। उस पर जनता ने फिर से (शेष पेज 2 पर)

प्रियंका वायनाड लोकसभा सीट से चार लाख से अधिक मतों से जीतीं

कांग्रेस महासचिव एवं यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केरल के वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 4,08,036 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की। श्रीमती वाड्रा की पहली बार संसद में प्रवेश है और उन्होंने अपने भाई एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़ दिया, जिन्होंने अप्रैल 2024 में वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में 3,64,422 वोट हासिल किए थे। वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने वायनाड सीट 4.31 लाख मतों के अंतर से जीती थी। श्रीमती वाड्रा को 6,17,942 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 2,09,906 वोट मिले और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार नव्या हरिदास को 1,09,202 वोट मिले। अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 वोटों के अंतर से हराया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को 6,47,445 वोट मिले, एलडीएफ की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय महिला नेता एनी राजा (भाकपा महासचिव डी राजा की पत्नी) को 2,83, 028 वोट मिले और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन को 1,41,045 वोट मिले।

हाईप्रोफाइल बुधनी सीट से भाजपा ने पहना जीत का सेहरा, विजयपुर में कांग्रेस विजयी

प्रदेश की हाईप्रोफाइल बुधनी विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा ने एक बार फिर जीत का परचम लहराया। भाजपा के रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 13,901 मतों से पराजित किया। इस जीत के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला, उन्होंने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया।

वहीं, मोहन यादव सरकार में वन मंत्री रावत को उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। रावत कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से 7228 वोट से हारे गए। ऐसे में कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के वाले रावत ने मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया। विजयपुर में पहले राउंड में पिछड़ने और फिर दूसरे राउंड में बढ़त बनाए रखने के बाद भाजपा प्रत्याशी और वन मंत्री रामनिवास रावत 17वें राउंड से अचानक फिर पिछड़ गए। इसके बाद रावत कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को पीछे नहीं कर पाए। अंतिम और 21 वें राउंड में रावत मल्होत्रा से 7228 वोटों से हार गए हैं। ऐसे में रावत की हार के पांच बड़े कारण निकलकर सामने आए हैं। इस हार से भाजपा के उन दिग्गज नेताओं की साख को भी झटका लगा है, जो वहां डेरा जमाए हुए थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यूके-जर्मनी दौरा

प्रदेश को समन्वित विकास के केन्द्र में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यूके एवं जर्मनी दौरा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, तकनीकी साझेदारी और सांस्कृतिक संबंधों के केन्द्र में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश की समृद्धि के लिये 24 से 30 नवम्बर तक 2 देशों यूके और जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूके और जर्मनी की यात्रा के दौरान प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिये उद्योगपतियों एवं निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश से यूके और जर्मनी को मशीनरी, फार्मास्यूटिकल, मेडिकल डिवाइस, टेक्सटाइल, गारमेन्ट, प्लास्टिक का निर्यात किया जाता है। प्रदेश औद्योगिक नीतियों और निवेश के अनुकूल वातावरण बनाकर देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होने के लिये निरंतर प्रयत्न कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यात्रा मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को निवेश संवर्धन और औद्योगिक विकास के लिए विदेश यात्रा पर रवाना होने के पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

लोगों ने संविधान के नकली शुभचिंतकों की दुकानें कर दी हैं बंद: शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य चुनावों में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि एनडीए को इतना बड़ा जनादेश देकर लोगों ने संविधान के नकली शुभचिंतकों की दुकानें बंद कर दी हैं। शाह ने झारखंड के लोगों को भाजपा को सबसे अधिक वोट प्रतिशत देने के लिए धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री ने हिंदी और मराठी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जय महाराष्ट्र! इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र के लोगों का हार्दिक आभार। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और वीर सावरकर की पवित्र भूमि महाराष्ट्र ने हमेशा विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोच्च रखा है। उन्होंने कहा कि भ्रम और झूठ के बीच महायुति गठबंधन को इतना बड़ा जनादेश देकर जनता ने संविधान के झूठे हितैषियों की दुकानें बंद कर दी हैं। यह जीत हर महाराष्ट्रवासी की जीत है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली सरकार की कामकाजी राजनीति की जीत है।

उत्तरप्रदेश में विस उपचुनावों में भाजपा की जीत का श्रेय मोदी को : योगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया और कहा कि नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि विपक्षी गठबंधन की लूट और झूठ की राजनीति खत्म हो रही है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं। आदित्यनाथ ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम उत्तर प्रदेश की बात करें तो नौ विधानसभा सीट में से सात पर भाजपा गठबंधन विजयी हुआ है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन को जाता है। उनका अनुकरणीय नेतृत्व सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में डबल इंजन सरकार को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही हमें कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

स्पेशल खबर *भारत का संविधान न केवल देश, बल्कि...*

पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन का स्रोत है: बिरला

सोनीपत (एजेंसी)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश का संविधान केवल कानूनी दस्तावेज ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक बदलाव का मार्गदर्शक भी रहा है।

श्री बिरला ने कहा कि छब्बीस नवंबर को हम संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष तथा 10वां संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। इन 75 वर्षों के दौरान संविधान ने हमारे लोकतंत्र को अवलंब दिया, सुदृढ़ किया और आज लोकतंत्र हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है। उन्होंने नौजवानों का आव्हान किया कि वे संविधान निहित अपने कर्तव्यों को निभाते हुये विकसित भारत के निर्माण में पूर्ण सामर्थ्य से जुट जायें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सामूहिकता के साथ प्रत्येक व्यक्ति का योगदान ही भारत का नवनिर्माण सुनिश्चित करेगा। श्री बिरला ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में भारत का संविधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा लोक सभा सदस्य नवीन जिंदल सहित कई गण्यमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि संविधान संग्रहालय की स्थापना ऐसा महत्वपूर्ण कार्य है, जो आने वाली पीढ़ियों को हमारे संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, उसके विविध पहलुओं और लोकतांत्रिक चर्चा से परिचित करायेगा। संग्रहालय के माध्यम से, विश्वविद्यालय न केवल वर्तमान पीढ़ी को, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्कृति और विरासत से प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माताओं ने देश को एक ऐसा संविधान दिया है, जो न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिये मार्गदर्शन का स्रोत है।

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर लगी रोक दो दिन के लिए बढ़ाई

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर लगी रोक शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। प्रशासन ने बढ़ती हिंसा के बीच असामाजिक तत्वों को कानून-व्यवस्था के लिए समस्या पैदा करने वाली सूचनाएं फैलाने से रोकने के लिए 16 नवंबर को दो दिन के लिए सेवाएं निलंबित कर दी थीं। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद जनहित को ध्यान में रखते हुए इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं दो दिन के लिए निलंबित रखने का निर्णय लिया है।